## UNION BUDGET (2025-2026)- DEMANDS FOR GRANTS

## Ministry of Jal Shakti

**माननीय सभापति:** अब सभा में जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांग संख्या 62 और 63 को चर्चा तथा मतदान के लिए लिया जाएगा।

सभा में उपस्थित जिन माननीय सदस्यों को जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों से संबंधित कटौती प्रस्ताव परिचालित किए गए हैं, यदि वे अपनी कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं तो पन्द्रह मिनट के भीतर सभा पटल पर पर्चियां भेज दें, जिनमें उन कटौती प्रस्तावों की संख्याएं लिखी हों, जिन्हें वे प्रस्तुत करना चाहते हैं। इस प्रकार प्रस्तुत किए गए कटौती प्रस्तावों की क्रम संख्याओं को दर्शाने वाली सूची कुछ समय पश्चात् सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। यदि सदस्यों को उस सूची में कोई त्रुटि या विसंगति मिले तो उसकी सूचना तत्काल सभा पटल पर मौजूद अधिकारी को बताएं।

? (व्यवधान)

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

?कि कार्य-सूची के दूसरे स्तंभ में जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित मांग संख्या 62 और 63 के सामने प्रविष्ट मांगों के शीर्षों के संबंध में 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान भुगतान पर किए जाने वाले खर्चों को चुकाने के निमित्त, आवश्यक धनराशियों को पूरा करने के लिए, संबंधित धनराशियां, जो कार्य-सूची के तीसरे स्तंभ में दिखाई गई राजस्व रेखा और पूंजी लेखा की रकमों से अधिक न हों, भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को प्रदान की जाएं।?

### Demands for Grants, 2025-2026 Submitted to the vote of Lok Sabha

| No. of Demand | Name of Demand | Amount of Demand for Grants<br>Voted by the House | |
|---|---|---|---|
| | | Revenue | Capital |
| 62 | Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation | 32607,40,00,000 | 558,50,00,000 |
| 63 | Department of Drinking water and Sanitation | 74224,82,00,000 | 1,20,00,000 |

**संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू):** सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि सदन से बाहर कांग्रेस पार्टी और बाकी अपोजिशन पार्टी कहती है कि बोलने के लिए मौका देना चाहिए, चर्चा होनी चाहिए। हाऊस के अंदर आते हैं तो चर्चा नहीं होने देते हैं, हंगामा करते हैं, ? (व्यवधान) क्यों नहीं चर्चा करते हैं? बहुत गलत तरीके से सदन के समय को बर्बाद करते हैं, आप बिल्कुल ऐसा मत कीजिए ? (व्यवधान) चर्चा होने दीजिए। सवाल पूछिए, सरकार जवाब देने के लिए रेडी है। मिनिस्टर आकर रुके हुए हैं, अभी जल शक्ति मंत्रालय पर चर्चा होनी है। मिनिस्टर रेडी हैं। आपने रेल मंत्री जी के जवाब को भी इतना डिस्टर्ब किया, हरेक मेंबर ने बहुत अच्छे-अच्छे सुझाव दिए। जब मंत्री जी ने उस पर जवाब दिया तो आप सुनते नहीं हो।? (व्यवधान) आपने

मांग रखी, मांग पूरी करने के लिए जब मंत्री बोलना चाहते हैं तो मंत्री का जवाब सुनना नहीं चाहते हैं। मंत्री जी सुनने के लिए सदन में आते हैं, आप लोग हंगामा करते हैं, ऐसा मत कीजिए। मैं विशेषकर कांग्रेस पार्टी से कहना चाहता हूं, छोटी-छोटी पार्टी के सदस्यों को बोलने का मौका दीजिए, आपकी वजह से छोटी-छोटी पार्टी के एमपीज का समय भी बर्बाद हो रहा है। मैं इसकी निंदा करता हूं। ?(व्यवधान)

**13.56 hrs**

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य, श्री जगदम्बिका पाल जी।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** सभापति महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे वर्ष 2025-26 के लिए जल शक्ति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों के समर्थन में बोलने का अवसर दिया। मैं सौभाग्यशाली हूं कि आज जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित बजट पर कुछ महत्वपूर्ण बातें मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष रखना चाहूंगा। ? (व्यवधान) आज जल शक्ति मंत्रालय का बजट माननीय मंत्री जी ने प्रस्तुत किया। यह सौभाग्य है कि आज ही माननीय प्रधानमंत्री जी ने कुछ देर पहले ही जल के महत्व के बारे में अपने वक्तव्य में उल्लेख किया है। ? (व्यवधान) आज पूरी दुनिया के सामने चुनौती है, आज भारत की आबादी पूरी दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत है।

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य, आप अपना वक्तव्य बाद में रखें, कल इस पर चर्चा होगी।

? (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 19 मार्च, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**13.59 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Wednesday, March 19, 2025 /Phalguna 28, 1946 (Saka).*

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Treated as laid on the Table.

* Not recorded

* Not recorded